## –:(रोजगार मेला):–

## "उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुबन्ध के आधार पर चालकों की भर्ती"

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मुरादाबाद क्षेत्र में अनुबन्ध के आधार पर लगभग **260** पदों पर संविदा चालकों की भर्ती हेतु निम्निलिखित अर्हताएँ पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक–**16 सितम्बर, 2026 (दिवस–बुद्धवार)** को **स्थान–क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0परिवहन निगम, लाजपत नगर, मुरादाबाद, 244001** में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। संविदा चालक पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों की अर्हताओं एवं पारिश्रमिकी का विवरण निम्नवत हैं: **–:इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु अर्हताएँ:–**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **शैक्षिक योग्यता** | न्यूनतम कक्षा 08वीं पास। |
| **2** | **न्यूनतम ऊँचाई** | 05 फुट 03 इंच। |
| **3** | **ड्राईविंग लाईसेन्स** | भारी वाहन चलाने का लाईसेन्स, जो 02 वर्ष पुराना हो। |
| **4** | **आयु सीमा** | न्यूनतम आयु 23 वर्ष 06 माह एवं अधिकतम आयु 58 वर्ष। |
| **5** | **फोटो/अन्य** | नवीनतम पासपोर्ट साईज 02 फोटो एवं आधार कार्ड की प्रति। |
| **6** | **नोट–आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण–पत्र एवं चालक लाईसेन्स में जन्मतिथि व पिता का नाम समान हो।** | |
| **7** | **नोट–इच्छुक अभ्यर्थी को पूर्व में उ.प्र.परिवहन निगम से किसी भ्रष्टाचार/कदाचार आदि में न निकाला गया हो।** | |

**–:संविदा चालकों को देय पारिश्रमिक का विवरण:–**

| | |
|---|---|
| **1** | संविदा चालकों को रू0–**2.20** प्रति किमी0 (ग्रामीण जनता सेवा हेतु रू0–**2.32** प्रति किमी0) आधारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा। |
| **2** | माह में 22 दिवस की ड्यूटी एवं न्यूनतम 5,000 किमी0 बस संचालित करने पर रूपये–**3,000/–**का अतिरिक्त भुगतान तथा माह में 24 दिन ड्यूटी एवं न्यूनतम 6,000 किमी0 संचालित करने पर अतिरिक्त रूपये– **4,000/–** का भुगतान किया जायेगा। |
| **3** | वित्तीय वर्ष में लगातार न्यूनतम 22 दिन प्रति माह ड्यूटी एंव प्रति माह 5,000 किमी0 करने पर कुल–**07+07=14** दिन का अवकाश एवं रू0–**1500+3,000=4,500/–**का प्रोत्साहन देय होगा। |
| **4** | 02 वर्ष में निरन्तर सेवा एवं मानक के अनुरूप किमी0/कार्यदिवस पूर्ण करने पर **रू0–18,687/–**एवं **रू0–21,687/–**प्रतिमाह नियमानुसार ई0पी0एफ0 की कटौती उपरान्त पारिश्रमिकी का भुगतान किया जायेगा। |
| **5** | किसी भी दशा में संविदा चालक की मृत्यु हो जाने पर ग्रूप टर्म बीमा योजना के अन्तर्गत **रू0–05 लाख** तथा ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में चालक की मृत्यु हो जाने पर यात्री राहत योजना के अन्तर्गत **रू0–7.5 लाख** की धनराशि मृतक के आश्रित को दिये जाने की व्यवस्था। |
| **6** | परिवारिक फ्री पास/रात्रि बस संचालन पर रात्री ठहराव पर अतिरिक्त प्रतिदिवस भत्ता की सुविधा |

उपरोक्त अर्हताँए पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की मूल प्रतियों एवं प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ दिनांक–**16 सितम्बर, 2026 (दिवस–बुद्धवार)** को **स्थान–क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0परिवहन निगम, लाजपत नगर, मुरादाबाद, 244001** में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रथम ट्रेड टेस्ट में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को द्वितीय टेस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राईविंग एण्ड रिसर्च सेन्टर, वजीराबाद रोड, एडज्वाईनिंग रोड, फ्लाई ओवर, शहादरा, दिल्ली(लोनी) भेजा जायेगा तर्था द्वितीय टेस्ट में सफल पाये जाने वाले अभ्यर्थियों से नियमानुसार अनुबन्ध सम्पादित करये जाने एवं रू0–2,000/–की प्रतिभूति धनराशि जमा कराये जाने एवं प्रशिक्षण दिलाये जाने के उपरान्त बस संचालन का कार्य लिया जायेगा।

Downloaded From www.upsrtc.upsdc.gov.in

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**मुरादाबाद**

## कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0परिवहन निगम, मुरादाबाद क्षेत्र।

**पत्रांक:–एम0बी0/आर0एम0/स्था0–2/संविदा चालक भर्ती/2026–**6222 **दिनांक–** 09 **सितम्बर, 2026**

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित(ई0मेल):–**

1–सहायक निदेशक(सेवायोजन) महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से उक्त ज्ञापन का अपने स्तर से व्यापक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें।

2–प्रधान प्रबन्धक(कार्मिक) महोदय, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।

3–सहायक प्रबन्धक(एम0आई0एस0), परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त कार्यालय ज्ञापन को निगम की बैबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

4–समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0परिवहन निगम, मुरादाबाद क्षेत्र को इस निर्देश के साथ कि अपने स्तर से उक्त भर्ती का अपने स्थानीय समाचार पत्रों/नोटिस बोर्ड/कार्यालीय स्टॉप आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए चालक पद के इच्छुक अभ्यर्थियों को उपरोक्तानुसार निर्धारित रोजगार मेले में भेजने हेतु प्रेरित करें।

4–सम्पादक महोदय, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान टाईम्स समाचार पत्र, जनपद–मुरादाबाद को इस अनुरोध कि साथ प्रेषित कि जनहित/लोकहित में अपने–अपने समाचार पत्र में **"उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुबन्ध के आधार पर चालकों की भर्ती"** शीर्षक के तहत उक्त भर्ती का प्रकाशन कराने का कष्ट करें।

5–समस्त नोटिस बोर्ड(द्वारा–सम्बन्धित अधिकारी/कार्यालय में)।

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**